हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार, 11 अगस्त 2025

11 बच्चों ने गांव खरहर में किया पौधरोपण



12 निस्तारण की बजाय सड़क किनारे स्वाहा होता कूड़ा



## खबर संक्षेप

### व्यवसायी के मकान में घुस गया संदिग्ध युवक

**बहादुरगढ़।** शहर की अग्रवाल कॉलोनी में रविवार की दोपहर एक अनजान शख्स एक व्यवसायी के घर में घुस गया। उसने कमरे का दरवाजा बंद कर व्यवसायी को दबोचने की कोशिश की, लेकिन शोर मचने पर वह नाकाम रहा और भागने लगा। गली में लोगों ने पकड़कर उसकी धुनाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। यह घटनाक्रम व्यवसायी श्यामलाल गुप्ता के मकान में हुआ। जानकारी के अनुसार, दोपहर के वक्त श्यामलाल घर में बेड पर आराम कर रहे थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य अलग-अलग कमरों में थे। अचानक एक युवक मुख्य गेट से अंदर आया और सीधे श्यामलाल के कमरे में पहुंचकर चटकनी लगाने लगा। अचंभित श्यामलाल ने विरोध किया तो युवक ने उनकी गर्दन पकड़ने की कोशिश की। श्यामलाल के शोर सुनते ही परिवार के सदस्य वहां पहुंचे। युवक बाहर भागा, लेकिन परिवार का शोर सुनकर मोहल्लेवासी भी बाहर निकल आए। कुछ दूरी पर उसे दबोच लिया गया और पुलिस को सूचना दी गई। वहीं, लाइनपार थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पकड़ा गया युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ है और दूसरे राज्य का रहने वाला है। प्राथमिक जांच में उसके किसी आपराधिक मकसद की पुष्टि नहीं हुई है।

### तेज धूप से बढ़ रहा तापमान, पारा 33 डिग्री

**बहादुरगढ़।** शनिवार की बरसात के चलते जहां मौसम ने राहत दी थी, वहीं रविवार को हालात बिल्कुल उलट रहे। सुबह से ही तेज धूप खिली रही और दिन चढ़ने के साथ गर्मी ने जोर पकड़ लिया। रविवार को तापमान शनिवार की तुलना में तीन डिग्री बढ़कर 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उमस भरी गर्मी से लोगों के पसीने छूट गए। ऊपर से कई कॉलोनियों में बिजली कटौती ने परेशानी और बढ़ा दी। लोग पंखों और कूलरों के बिना दिनभर परेशान रहे। बता दें कि शनिवार को इलाके में 32 एमएम बरसात हुई थी। वहीं रविवार को पूरी तरह से मौसम सूखा रहा। आगामी दिनों बरसात की संभावना जरूर है।

### पानी में मिले शव की नहीं हुई शिनाख्त

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के छोटूराम नगर में जलभराव में मिले शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा सोमवार को शव का दाह संस्कार कराया जाएगा। दरअसल, छोटूराम नगर फाटक के पास एक स्थान पर पानी भरा हुआ है। वीरवार को वहां पर एक युवक का शव दिखाई दिया। किसी की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव कई दिन पुराना होने के कारण मौके पर पहचान संभव नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास किए। लेकिन तीन दिन बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी। इसलिए अब पुलिस की ओर से सोमवार को पोस्टमार्टम करवाकर संस्था के हाथों शव का दाह संस्कार कराया जाएगा।

### होटल के बाहर से कार चोरी, केस दर्ज





**बहादुरगढ़।** केएमपी आसौदा पर एक होटल के बाहर से कार चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। आसौदा के निवासी रिंकू का कहना है कि उसने केएमपी के ले बाई के पास होटल बना रखा है। होटल के बाहर सेंट्रो कार खड़ी की थी। रात के वक्त कोई कार चुरा ले गया। अपने स्तर पर तलाश की लेकिन नहीं मिली। उधर, आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बेसहारा कुत्तों को बेरहमी से पीटने पर जीव प्रेमियों में रोष, पुलिस से शिकायत

■ झज्जर रोड की एक कॉलोनी में अमानवीय व्यवहार ■ व्यक्ति ने डंडों से किया प्रहार ■ तीन डॉग घायल, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

झज्जर रोड स्थित एक कॉलोनी में बेसहारा कुत्तों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। एक व्यक्ति ने डंडों से कुत्तों पर बुरी तरह से प्रहार किए। हमले में तीन कुत्ते चोटिल हो गए, एक की हालत गंभीर है। मामले की सीसीटीवी फुटेज इंटरनेट मीडिया पर वायरल है। इस घटना से आहत जीवप्रेमियों में रोष है। जीव प्रेमियों ने रविवार को सिटी थाने में पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत देकर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। यह घटनाक्रम झज्जर रोड स्थित छोटूराम पार्क में हुआ है। सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर एक शख्स डंडे से कुत्तों को बुरी तरह से पीटता पर नजर आ रहा है। जीव प्रेमियों ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि छोटूराम पार्क में तीन कुत्तों को बेरहमी से पीटा गया है।



**घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

### तीनों जीव उपचार केंद्र में भर्ती, एक की टांग टूटी

इसके बाद उन जीवों को संभालकर उपचार केंद्र में ले जाया गया। उनमें से एक कुत्ते का पांव टूट गया है। जीव प्रेमियों ने कहा कि वीडियो में स्पष्ट नजर आ रहा है कि कुत्ते सामान्य स्थिति में थे और इसी दौरान उन पर हमला कर दिया गया। इस तरह किए गए अमानवीय कृत्य पर कानूनी कार्रवाई बनती है और हमने पुलिस को शिकायत दे दी है। उम्मीद है, पुलिस मामले में सख्त कार्रवाई करेगी। यदि यहां सुनवाई नहीं होती है तो ऊपरी अधिकारियों का दरवाजा खटखटाएंगे।

### चाइनीज मांझे की चपेट में आ रहे इंसान व परिंदें



**बहादुरगढ़।** रक्षा बंधन के मौके पर एक बार फिर चाइनीज प्लास्टिक मांझा बाजार और गलियों में खुलेआम बिकता नजर आया। अंकुश के दावों के बावजूद खुलेआम प्लास्टिक मांझे की बिक्री हुई। तारों, दीवारों पर लटका यह प्लास्टिक मांझा न केवल पक्षियों को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि इंसानों के लिए भी परेशानी का सबब बन गया है। रविवार को मेन बाजार, मांडोठी बाजार समेत कई इलाकों में बिजली के तारों और छतों पर चाइनीज डोर लटकी दिखाई दी। इससे वाहन चालकों को परेशानी हुई और कई लोग खुद तारों से मांझा हटाते नजर आए। विगत में बहादुरगढ़ में चाइनीज मांझे के कारण कई लोग घायल भी हो चुके हैं। जीव प्रेमी बलविंदर का कहना है कि चाइनीज मांझा न केवल इंसानों के लिए खतरनाक है बल्कि परिंदों के पंख और गर्दन तक काट देता है, जिससे उनकी मौत भी हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 15 अगस्त तक इलाके में पतंगबाजी का सिलसिला जारी रहता है। ऐसे में प्रशासन को तुरंत प्रभाव से प्लास्टिक चाइनीज डोर पर पूर्ण प्रतिबंध सख्ती से लागू करना चाहिए, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

# स्ट्रीट लाइटों के खुले कनेक्शन बॉक्स बने जानलेवा, बाहर लटक रहे तार

## नगर परिषद की लापरवाही : बारिश में करंट लगने का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


नगर परिषद ने शहर की विभिन्न सड़कों पर बिजली के खंभों के कनेक्शन बॉक्स खुले छोड़ रखे हैं। इससे बारिश के मौसम में करंट लगने का खतरा बढ़ा हुआ है। शहर के पुरानी कमेटी चौक से लेकर शिव चौक तक स्ट्रीट लाइट के खुले बॉक्स से बिजली के नंगे तार बाहर लटक रहे हैं। यहां आसपास रहने वाले लोग इन खतरनाक खंभों के पास से जान जोखिम में डालकर निकलते हैं।

### बच्चे की हो चुकी मौत

बता दें कि कुछ दिन पहले सेक्टर-9 के निकट एक नंदी करंट लगने से असमय काल का ग्रास बन गया था। कुछ समय पहले वीर सावरकर पार्क में भी एक बच्चे की ऐसी लापरवाही के कारण करंट लगने से मौत हो गई थी। विकास नगर में भी एक गोवंश खंभे पर करंट लगने से मर गया था। इसके बावजूद शहर में जगह-जगह बिजली के खंभों के बॉक्स खुले होने के कारण इनसे बाहर तक नंगी तार लटकी पड़ी हैं।

### स्पार्किंग हो रही

लोगों ने बताया कि कई जगह बिजली के बॉक्सों को बंद करने के दरवाजे ही टूटे पड़े हैं।





**बहादुरगढ़।** पुराने नजफगढ़ रोड पर खंभे से बाहर लटक रहे बिजली के तार।

इन बॉक्स में किसी भी समय स्पार्किंग होती रहती है। अब बारिश का मौसम में करंट लगने का खतरा ज्यादा बना रहता है। नगर परिषद की लापरवाही के कारण कई लोगों को करंट लग चुका है। गनीमत रही कि अभी कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। लेकिन अतीत में हुए हादसों के बाद भी नगर प्रशासन सजग दिखाई होता नजर नहीं आ रहा। रवींद्र सैनी व अनिल कुमार आदि का आरोप है कि नगर परिषद को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। यह समस्या एक दो दिन या सप्ताह से नहीं, बल्कि कई महीने से बनी हुई है। ऐसे में जरा सी लापरवाही से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस समस्या को लेकर की जा रही शिकायतों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। राजकुमार व संजय आदि के अनुसार शहर में जगह-जगह बिजली के बॉक्स खुले पड़े हैं और नंगी तार बाहर लटकी हैं। यहां से गुजरते वक्त करंट लगने का खतरा रहता है। यह बहुत बड़ी लापरवाही है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ सकता है। नगर परिषद को लोगों की जानमाल की कोई परवाह नहीं है।

### लाइलाज बनी बिजली कटौती

**बहादुरगढ़।** बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या धर्मपुरा, कबाड़ी मार्केट व मेन बाजार आदि इलाकों में लाइलाज बन चुकी है। रात हो या दिन बिजली की कटौती हर समय जारी है। रात में कटौती होने से लोगों का बुरा हाल है। शनिवार रात को पुराने नजफगढ़ रोड लगा धर्मपुरा का ट्रांसफार्मर फुंक गया। ऐसे में पसीने से तरबतर लोगों की रात मच्छरों से जंग करते बीती। लक्ष्मीकांत, चिराग व शिवकुमार ने बताया कि दिन-रात बिना बताए बिजली गुल रहने से लोगों का बुरा हाल है। व्यापारियों का काम चौपट हो रहा है। वहीं कटौती को लेकर निगम के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी में लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर जवाब दे रहे हैं। शनिवार रात को खराब हुआ ट्रांसफार्मर रविवार सुबह बदल दिया गया।

### सड़कों में जानलेवा गड्ढे



### वाहन चालक कई बार हो चुके चोटिल

**झज्जर।** शहर की सड़कों की जर्जर हालत इन दिनों राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। यादव धर्मशाला, धानक धर्मशाला, पुराना बर्फ खाना रोड, छिक्कारा चौक से धौड़ रोड, बेरी गेट सहित शहर के कई रिहायशी इलाकों की गलियां भी खस्ताहाल हैं। जगह-जगह छोटे-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिनसे गुजरना लोगों के लिए रोजाना की चुनौती बन गया है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। पानी भर जाने के कारण गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुपहिया वाहन चालकों के गिरकर चोटिल होने की घटनाएं हो चुकी हैं। भट्टी गेट क्षेत्र में तो सीवर का ढक्कन आधा खुला हुआ है, जो बरसात में गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। इसके अलावा यहां की टूटी सड़क लंबे समय से मरम्मत की प्रतीक्षा कर रही है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शहरवासियों का कहना है कि खराब सड़कों के कारण उनका सफर अधिक समय लेने वाला और जोखिमभरा हो गया है। वे बार-बार शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई न होने पर नाराजगी जता रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## चोरी की वारदातों को सुलझाने में पुलिस के छूट रहे पसीने

**बहादुरगढ़।** क्षेत्र में चोरी की वारदातों का ग्राफ लगातार ऊपर जा रहा है। कभी घर, दुकान तो कभी वाहनों को निशाना बनाया जा रहा है। बीते दो सप्ताह में यहां आधा दर्जन से अधिक वारदात हो चुकी हैं। वारदातों को सुलझाने में पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। इनमें से अधिकांश वारदात अनसुलझी हैं। बीते वीरवार को बालोर स्थित एक मकान से नकदी और आभूषण चोरी हो गए। गत चार अगस्त की रात मातन के सरकारी स्कूल से कैमरे चोरी हो गए। उसी तारीख को लाइनपार के शंकर गार्डन स्थित दो मकानों से मोबाइल, नकदी और आभूषण चुरा लिए गए। तीन अगस्त को सेक्टर-9 कम्युनिटी सेंटर के बाहर खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर रुपये और आईफोन चुरा लिया गया। वहीं एक अगस्त की दोपहर रोहतक-दिल्ली रोड पर खड़ी दो गाड़ियों के शीशे तोड़कर एक से 22 हजार और दूसरी से दो लाख रुपये उड़ा लिए गए। इसके अलावा, 31 जुलाई को आसौदा के एक मकान से नकदी और आभूषण चोरी हुए, जबकि 28 जुलाई को सिद्दीपुर में ढाई लाख रुपये नकद तथा लाखों के आभूषण चोर ले गए। पिछले महीने रेलवे रोड स्थित एक दुकान में भी चोरी हुई थी। इनके अलावा दोपहिया वाहनों की चोरी के मामले भी रोजाना सामने आ रहे हैं। बढ़ती वारदातों से लोग चिंतित हैं। लोगों का कहना है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे कभी भी, कहीं भी वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर फ्रॉड करने के आरोप में दो काबू

**झज्जर।** साइबर थाना की एक टीम द्वारा शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट के नाम पर साइबर फ्रॉड करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सोमवीर ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में बहादुरगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट करवाने के नाम पर उसके साथ लाखों रुपये का साइबर फ्रॉड हुआ है। जिस पर कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक अंकित कुमार की टीम ने दो आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुंदन व विशाल दोनों निवासी अहमदाबाद गुजरात के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



**साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार : झज्जर।** साइबर थाना की एक टीम द्वारा टेलीग्राम के माध्यम से टास्क पूरा करने का लालच देकर साइबर फ्रॉड करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रबंधक साइबर क्राइम इंस्पेक्टर सोमवीर ने बताया कि बहादुरगढ़ निवासी ने शिकायत देते हुए बताया कि टेलीग्राम के माध्यम से मेरे पास एक लिंक आया और टेलीग्राम पर ही मेरी एक व्यक्ति से बात हुई। जिसने कहा कि ट्रेड में पैसे लगाकर टास्क पूरा करके अधिक पैसे कमा सकता है। शुरुआत में उन्होंने मुझे पैसे वापिस भेज दिए, बाद में लालच देकर ठगी की। पकड़े गए आरोपी की पहचान अंसारी मोहम्मद निवासी नगर बटवा अहमद गुजरात के तौर पर की गई है।

# मुख्यमंत्री दरबार में पहुंचा गलत कन्वेंस डीड करवाने का मामला

**पीड़ित दुकानदार ने मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत देकर की दोषियों पर कार्रवाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सीएम के आदेशों को दरकिनार करते हुए पिछले दिनों नगर परिषद बहादुरगढ़ द्वारा शहर की पुरानी कमेटी में सीढ़ियों की कन्वेंस डीड एक दुकानदार के पक्ष में करने का मामला रविवार को मुख्यमंत्री दरबार में पहुंच गया।

पीड़ित दुकानदार तरसेम जैन ने लिखित शिकायत देकर सीएम नायब सैनी से पूरे मामले की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की। मुख्यमंत्री नायब सैनी को पूरे मामले से अवगत करवाते हुए शिकायतकर्ता तरसेम जैन ने बताया कि पुरानी कमेटी की दो दुकानों के बीच की सीढ़ी को नगर परिषद ने एक दुकानदार के नाम करवा दिया। जबकि सीएम कार्यालय ने इस सीढ़ी पर दोनों पक्षों का बराबर हक बताया था। साथ ही सीढ़ी की जगह को छोड़कर दुकानदारों से अपनी कन्वेंस डीड करवाने को कहा था। लेकिन नगर परिषद अधिकारियों ने सीएम कार्यालय के उन आदेशों की कोई पालना नहीं करते हुए एकतरफा कार्रवाई करते हुए सीढ़ी एक दुकानदार के नाम कर दी। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ नगर परिषद में भ्रष्टाचार के कारण आमजन इस तरह परेशान घूम रहे हैं।

पीड़ित दुकानदार ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण उनके हक की सीढ़ी को दूसरे दुकानदार के नाम कर दिया गया। उन्होंने कन्वेंस डीड के साथ ही तमाम साक्ष्य भी मुख्यमंत्री को सोंपे। सीएम ने आश्वस्त किया कि निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



**बहादुरगढ़।** सीएम नायब सैनी को शिकायत सौंपते पीड़ित दुकानदार।

**जेब तराशी करने वाले गिरोह पर पुलिस का शिकंजा**

# जीआरपी ने रेलवे स्टेशन से सरगना सहित पांच आरोपी किए गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** जीआरपी बहादुरगढ़ को बड़ी सफलता मिली है। जीआरपी ने रेल व प्लेटफार्म पर यात्रियों का सामान चुराने व जेब तराशी करने वाले गिरोह पर शिंकजा कसा है। गिरोह के सरगना सहित पांच आरोपी पकड़कर जेल भेजे गए हैं। दरअसल, पिछले कुछ समय से रेलवे स्टेशन व गाड़ियों में चोरी, जेब तराशी की वारदात बढ़ रही थी। इन वारदातों को लेकर पुलिस हरकत में हैं। रक्षाबंधन पर स्टेशन पर भीड़भाड़ थी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी तैनात थी। इस दौरान जेब तराशने वाला गिरोह भी वहां लोगों को शिकार बनाने के लिए मंडरा रहा था। इस दौरान जीआरपी को सूचना मिली कि जेब तराशी करने वाले गिरोह के पांच सदस्य प्लेटफार्म नंबर दो पर पेड़ के नीचे खड़े हैं और वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस पर टीम तुरंत वहां गई और आरोपियों को काबू किया।


### सर्जिकल ब्लेड बरामद



पूछताछ में आरोपियों की पहचान विक्रम निवासी विजय विहार दिल्ली, महेंद्र निवासी सुलतानपुरी दिल्ली, मुकुल निवासी शहादरा दिल्ली, विजय निवासी सहरानपुर देहात, अनुज निवासी सुलेमान नगर दिल्ली के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से पांच हजार रुपये बरामद हुए। वहीं विक्रम नाम के आरोपी के पास से सर्जिकल ब्लेड भी बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि विक्रम इस गिरोह का सरगना है। वारदात के दौरान बाकी चारों सदस्य टारगेट को घेर लेते हैं और विक्रम जेब तराशी कर लेता है। जीआरपी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश का कहना है कि स्टेशन पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद है। इसी मुस्तैदी के चलते जेब तराशी करने वाले गिरोह के पांच सदस्य पकड़े गए। उन्हें जेल भेज दिया गया है।



गधे के दूध से बना पनीर दुनिया का सबसे महंगा पनीर होता है जिसकी कीमत 80,000/किलोग्राम तक होती है।



सीहोर्स इकलौती ऐसी प्रजाति है जिनमें मादा गर्भवती न होकर नर गर्भवती होते है और बच्चों को जन्म देते हैं।

# अग्नि पथ योजना के तहत नौकरी पाकर बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

अगर आप भी भारतीय सेना में शामिल होना चाहते हैं मगर अग्निवीर योजना क्या है? आपको इस बारे में कोई जानकारी नहीं है तो परेशान ना हो। आज हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध करवा रहे हैं। आपको बता दे कि सेना के तीनों अंगों में अब भर्तियां अग्नि वीर योजना के तहत की जाती है। सरकार की तरफ से एक नई योजना शुरू की गई है जिसका नाम है अग्निपथ योजना। इस योजना के तहत युवाओं को हमारे देश की तीनों सेनाओ, आर्मी, नेवी और एयरफोर्स में नौकरी दी जाती है। अग्नि वीर योजना की योग्यता, भर्ती प्रक्रिया और वेतन के साथ मिलने वाले फायदे आदि के बारे में समझते हैं।

## क्या है योजना

इस योजना के तहत नियुक्ति पाने वाले उम्मीदवारों को अग्नि वीर कहा जाता है तथा सरकार की इस स्कीम में रिटायरमेंट का प्रावधान है। केंद्र सरकार का कहना है कि रिटायरमेंट के बाद अग्निवीर खुद का कारोबार करने से लेकर नौकरी तक कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें राज्य सरकारों की तरफ से सहायता भी मिलेगी। अग्निपथ स्कीम के तहत भर्ती होने वाले सेना के जवानों को अग्निवीर कहा जाएगा। हालांकि शुरुआत में इस योजना का कड़ा विरोध किया गया था। योजना के तहत जवानों की आयु सीमा 17.5 साल से 21 साल तय की गई है। ऐसे में बहुत से युवाओं का सेवा में शामिल होने का सपना टूट गया, जिसको लेकर भयंकर आक्रोश देखा गया।

## क्या होती है प्रक्रिया

अग्निपथ योजना के माध्यम से अब आठवीं, दसवीं व बारहवीं पास युवाओं को सेना के तीनों अंगों थल सेना, जल सेना या नौसेना, वायु सेना में अग्निवीर के रूप में 4 साल तक पेशेवर सैनिक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाएगा। इसके तहत भविष्य में मेरिट और संगठन की जरूरत को देखते हुए 25 प्रतिशत तक अग्निवीर सैनिकों को सेना में 4 वर्ष की सेवा के बाद भी रिटेन किया जाएगा। वहीं चार साल की नौकरी के बाद बाकी के 75 प्रतिशत युवाओं को एक मुश्त राशि के साथ-साथ सरकार की ओर से तकनीकी योग्यता का सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जिससे उन्हें भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में क्षमता अनुसार नौकरी पाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सभी उम्मीदवार नियमित संवर्ग में भर्ती के लिए वॉलन्टियर के रूप में भी आवेदन कर सकते हैं।

## अग्नि वीर भर्ती प्रक्रिया

अगर इस बारे में बात करें की अग्निपथ योजना के तहत उम्मीदवारों की नियुक्ति किस प्रकार होगी तो आपको बता दें कि अग्निपथ भर्ती योजना के तहत उम्मीदवारों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। जिसमें पहले चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी तथा द्वितीय चरण में भर्ती रैली का आयोजन होगा। अग्निपथ पात्रता मानदंड के मुताबिक अग्निपथ भर्ती योजना के लिए आवेदन देने वाले युवाओं की न्यूनतम आयु 17 साल 6 महीने और अधिकतम आयु 21 साल निर्धारित की गई है। अग्निपथ भर्ती योजना के तहत युवाओं को ट्रेनिंग पीरियड के साथ कुल 4 वर्षों के लिए स्शस्त्र सेवा बल में फुल टाइम काम करने का अवसर मिलेगा, जिसके लिए भर्ती सेना के तय नियमानुसार ही की जाएगी।

## महिलाएं भी कर सकती हैं आवेदन

### तीनों अंगों में होती भर्ती

इस योजना की विशेषता ये है कि इस योजना के तहत न केवल पुरुष, बल्कि महिलाएं भी आवेदन कर सकती हैं। युवा इस योजना के माध्यम से सेना के तीनों प्रमुख अंग यानि कि थल सेना, वायु सेना और नौ सेना में नियुक्ति पा सकते हैं और देश सेवा कर सकते हैं। अगर हम अग्नि वीर की सैलरी के बारे में बात करें तो उन्हें कई तरह के भत्ते और वेतन दिया जाता है। अग्निवीरों को तीन सेवाओं में जोखिम और कठिनाई भत्ते के साथ एक आकर्षक कस्टमाइज्ड मासिक पैकेज मिलता है। चार साल की सेवा अवधि पूरी होने पर, अग्निवीरों को एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज की पेमेंट की जाती है। सेवा निधि राशि इनकम टैक्स से फ्री होती है।

### इस प्रकार मिलती है सैलरी

वहीं अग्निपथ स्कीम सैलरी की बात करें, तो अग्निपथ स्कीम के तहत पहले साल युवाओं को 30 हजार रूपए प्रति महीने दिए जाएंगे, जिसमें से लगभग 9000 रूपए उनकी मासिक आय से काट ली जाएगी और उसे उनके बचत खाते में जमा किया जाएगा। इसके बाद उतना ही हिस्सा सेना भी उनकी सेविंग में जमा करेगी। हर साल सैलरी बढ़ने के साथ-साथ बचत खाते में जमा की जाने वाली रकम मैं भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही 4 साल बाद जब ये युवा सेना से रिटायर होंगे, तब उन्हें लगभग 11,70,000 सेवा निधि के रूप में प्रदान किए जाएंगे। अग्निवीरों का वेतन पैकेज पहले वर्ष 4.76 लाख रुपये व अंतिम वर्ष का पैकेज 6.92 लाख रुपये होगा। इसके अतिरिक्त सेना ऐसे युवाओं को एक विशेष सर्टिफिकेट भी प्रदान करेगी जिसकी वजह से उन्हें विभिन्न पदों पर नौकरी पाने में मदद मिलेगी।

### सैलरी के अलावा अग्निवीर योजना के फायदे

विभिन्न राज्यों ने अग्निवीरों को सेवाओं में प्राथमिकता देने के बारे में कहा भी हैं। इन सब के अलावा अग्निवीरों का 48 लाख रुपए का गैर-अंशदाई जीवन बीमा भी किया जाएगा। इस प्रकार अग्नि वीरों को कई तरह के बेनिफिट दिए जाएंगे। वहीं यदि सेवा के दौरान किसी की मृत्यु हो जाती है, तो जवान के परिवार को 44 लाख रुपये दिए जाएंगे। इन 44 लाख रुपयों के अलावा सरकार ऐसे शहीदों के बचे हुए सेवाकाल (अधिकतम 4 साल) के वेतन को भी प्रदान करेगी। साथ ही अग्निपथ योजना के माध्यम से भर्ती हुए जवानों को मिलने वाली सेवानिधि भी, शहीद के परिवार को प्रदान कर दी जाएगी।

---

बी-कॉम तीन वर्षों की स्नातक डिग्री, चमका सकती है आपका करियर

# बी कॉम के बाद करियर के विकल्प : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में सुनहरे अवसर मौजूद

डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



वित्तीय प्रबंधन व कॉर्पोरेट जगत की समझ दे रही

अक्सर देखने में आता है कि बी-कॉम करने के बाद छात्र करियर को लेकर काफी संजीदा हो जाते हैं। जेहन में कई तरह के साल उठते हैं कि अब क्या करें। यानी करियर कैसे बनाएं। अगर आपने भी बी-कॉम किया है तो घबराएं नहीं और सरकारी और निजी क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाते हुए आपने करियर को नई उड़ान दें। इससे आप आपने सुनहरे भविष्य को चमका सकते हैं। बैचलर ऑफ कॉमर्स यानी बी-कॉम तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को व्यवसाय, वित्तीय प्रबंधन और कॉर्पोरेट वातावरण की मूलभूत समझ देती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है। जैसे फाइनेंसियल एकाउंटिंग, कॉस्ट एकाउंटिंग, मैनेजमेंट एकाउंटिंग, इनकम टैक्स लॉ, जी एस टी, बैंकिंग और बीमा, बिज़नेस लॉ, कंपनी लॉ, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, लेखा परीक्षा, ई-कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन और व्यापार संचार। वहीं, बी कॉम ऑनर्स पाठ्यक्रम इन विषयों का और अधिक गहन अध्ययन कराता है, जहां छात्र किसी एक विषय में विशेषज्ञता प्राप्त करते हैं जैसे कि फाइनेंस, टैक्सेशन, बैंकिंग या अकाउंटिंग। बी-कॉम का यह बहुआयामी ढांचा छात्रों को उच्च शिक्षा, सरकारी सेवाओं और कॉर्पोरेट नौकरियों की तैयारी के लिए उपयुक्त बनाता है।

> फाइनेंसियल एकाउंटिंग, कॉस्ट एकाउंटिंग, मैनेजमेंट एकाउंटिंग, इनकम टैक्स लॉ, जी एस टी, बैंकिंग और बीमा, बिज़नेस लॉ, कंपनी लॉ, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, लेखा परीक्षा, ई-कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन और व्यापार संचार में अपार संभावनाएं

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बी-कॉम की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन जब तक छात्र व्यावहारिक और इंडस्ट्रियल स्किल्स नहीं विकसित करते, तब तक कॉर्पोरेट दुनिया में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो सकता है। इसलिए वर्तमान समय में कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ तकनीकी दक्षताओं से भी लैस हों। चाहे वह एक फर्म में अकाउंटेंट की नौकरी हो या किसी स्टार्टअप में ऑपरेशंस की भूमिका, हर जगह कुशलता की मांग है।



**स्टार्टअप्स**
- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- अकाउंट्स ऑपरेटर
- एडमिन सहायक

### इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

**प्रभावशाली संवाद कौशल**
- **डिजिटल दक्षता:** एम एस एक्सेल, टैली, क्विक बुक्स
- डेटा अनालिसिस एवं एम आई एस रिपोर्टिंग
- कार्य योजना और समय प्रबंधन
- प्रोफेशनल एटीकेट्स और ईमेल लेखन
- बेसिक बिजनेस एथिक्स और ग्राहक सेवा दृष्टिकोण
- ये सभी स्किल्स आज ऑनलाइन

**निजी क्षेत्र में जॉब के लिए ऑप्शन**
- एकाउंटिंग फर्म
- टैक्स क्लर्क
- जी एस टी असिस्टेंट
- जूनियर अकाउंटेंट

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

निजी क्षेत्र में बीकॉम डिग्रीधारकों के लिए जॉब प्रोफाइल की व्यापकता दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। अकाउंटिंग, टैक्सेशन, बैंकिंग, बीमा, रिटेल, डिजिटल मार्केटिंग, सप्लाई चेन, ह्यूमन रिसोर्सेज और एडटेक जैसे क्षेत्रों में रोजगार के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। अगर वेतन की बात करे तो, निजी क्षेत्र में बीकॉम डिग्री धारको के लिए आरंभिक वेतनमान 18,000–30,000 रुपये मासिक के बीच होता है। वहीं अनुभवी प्रोफेशनल्स 40,000–80,000 रुपये मासिक या उससे अधिक कमा सकते हैं।

### कॉरपोरेट सेक्टर

- एमआई एस एग्जीक्यूटिव
- अकाउंट्स असिस्टेंट
- रिक्रूटमेंट कोऑर्डिनेटर

**डिजिटल व ई-कॉमर्स**
- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- सोशल मीडिया सहायक
- एसइओ विश्लेषक

**बीमा व वित्त संस्थान**
- लोन प्रोसेसिंग ऑफिसर
- सेल्स रिलेशनशिप मैनेज

**बीपीओ / केपीओ**
- डाटा विश्लेषक
- बैंक ऑफिस सहायक
- ग्राहक सेवा कार्यकारी

### सरकारी क्षेत्र में नौकरी के ऑप्शन

- सरकारी क्षेत्र में बीकॉम डिग्रीधारकों के लिए नौकरियों की संख्या एवं विविधता अत्यंत अधिक है। बैंकिंग, बीमा, डाक विभाग, रेलवे, रक्षा सेवाएं, कर्मचारी चयन आयोग और संघ लोक सेवा आयोग जैसी संस्थाएं हर वर्ष हजारों रिक्तियां जारी करती हैं। सरकारी क्षेत्र में एक बीकॉम डिग्री धारक को प्रारंभिक वेतनमान 30,000–45,000 रुपये मासिक मिल सकता है। वहीं अनुभव के साथ यह वेतन 70,000–1,20,000 रुपये मासिक तक संभव है।

**इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर**

**बैंकिंग और बीमा क्षेत्र**
- एसबीआई प्रोबेशनरी अफसर /क्लर्क
- आईबीपिएस प्रोबेशनरी अफसर/क्लर्क
- आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट
- एलआईसी अकाउंट अफसर
- असिस्टेंट मैनेजर

**यूपीएससी सेवाएं**
- आईऐएस
- आईपीएस
- आईईएस
- आईआरएस

**राष्ट्रीय एवं राज्य स्टाफ सिलेक्शन कमीशन**
- इनकम टैक्स असिस्टेंट
- ऑडिटर
- अकाउंटेंट
- ग्राम सचिव
- जूनियर अकाउंटेंट
- टैक्स इंस्पेक्टर

**रक्षा सेवाएं**
- लेफ्टिनेंट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**डाक विभाग**
- पोस्टल असिस्टेंट
- सॉर्टिंग असिस्टेंट

**भारतीय रेलवे**
- अकाउंट्स क्लर्क
- जूनियर टाइमक कीपर

### उच्च अध्ययन के विकल्प

| पाठ्यक्रम | विवरण |
|---|---|
| चार्टर्ड अकाउंटेंसी | आईसीऐआई द्वारा संचालित, लेखा और टैक्स विशेषज्ञता |
| कंपनी सेक्रेटरी | आईसीएसआई द्वारा संचालित, कॉर्पोरेट लॉ और कंपनी गवर्नेंस |
| कॉस्ट मैनेजमेंट | अकाउंटेंट लागत नियंत्रण व प्रबंधन के लिए |
| एमबीए | प्रबंधन के क्षेत्र में वरिष्ठ पदों हेतु |
| एम कॉम | शिक्षा, शोध के लिए आवश्यक |
| एलएलबी | टैक्स लॉ, कॉर्पोरेट लॉ में करियर हेतु |

### संभावनाओं का समंदर

बी कॉम सिर्फ एक डिग्री नहीं बल्कि संभावनाओं का समंदर है। अगर छात्र इस पाठ्यक्रम को ईमानदारी और व्यावसायिक दृष्टिकोण से करें, आवश्यक कौशलों का निर्माण करें, और लक्ष्य को लेकर स्पष्ट रहें, तो वे नौकरी, व्यवसाय, या उच्च शिक्षा, किसी भी मार्ग में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

---

# सर्वश्रेष्ठ करियर पथ और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के युग में, जहां प्रतिस्पर्धा और अवसर दोनों ही चरम पर हैं, छात्रों के सामने अपने करियर का सही रास्ता चुनने की चुनौती होती है। इसके साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। एक संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने के लिए, करियर और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यह लेख छात्रों को प्रेरित करने और उनके सपनों को साकार करने में मदद करने के लिए है, साथ ही यह भी समझाने के लिए कि मानसिक स्वास्थ्य उनके करियर की नींव है। हर छात्र का एक सपना होता है। कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, तो कोई कलाकार। लेकिन सपनों को हकीकत में बदलने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सपनों को सच करने के लिए मेहनत और विश्वास चाहिए।

## अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें

उदाहरण: डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी मेहनत और विज्ञान के प्रति समर्पण ने उन्हें देश का गौरव बनाया। अपने सपनों को पंख दें, जैसे कलाम साहब ने दिए! करियर चुनते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें।

**अपनी रुचि को पहचानें:** करियर का चुनाव करते समय सबसे पहले यह समझें कि आपको किस क्षेत्र में रुचि है। क्या आपको विज्ञान, कला, तकनीक या सामाजिक कार्य पसंद है? अपनी रुचि को समझकर आप उस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं, जहां आपका मन लगे।

**अपने कौशल का मूल्यांकन करें:** हर व्यक्ति में कुछ खास प्रतिभाएं होती हैं। अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें। अगर आप गणित में अच्छे हैं, तो डेटा साइंस या इंजीनियरिंग आपके लिए बेहतर हो सकता है। अगर आप रचनात्मक हैं, तो डिजाइनिंग या लेखन जैसे क्षेत्र आपके लिए उपयुक्त हो सकते हैं।

**मार्गदर्शन लें:** शिक्षकों, माता-पिता, या करियर काउंसलर से सलाह लें। आजकल ऑनलाइन कई संसाधन उपलब्ध हैं, जैसे कि करियर टेस्ट और विशेषज्ञों की सलाह, जो आपको सही दिशा दिखा सकते हैं।

**लंबे समय के लिए सोचें:** करियर चुनते समय केवल तात्कालिक लाभ न देखें। यह सोचें कि क्या यह करियर आपको 10-20 साल बाद भी खुशी और संतुष्टि देगा। भविष्य में नौकरी की मांग और तकनीकी प्रगति को भी ध्यान में रखें।

**मानसिक स्वास्थ्य: आपकी सबसे बड़ी ताकत:** करियर की दौड़ में मानसिक स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह आपकी सफलता की कुंजी है। एक स्वस्थ मन ही आपको कठिन परिस्थितियों में मजबूत बनाता है। मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाएं।

**तनाव को प्रबंधित करें:** पढ़ाई और करियर की योजना बनाते समय तनाव होना स्वाभाविक है। लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए नियमित व्यायाम, ध्यान (मेडिटेशन), या योग करें। गहरी सांस लेने की तकनीक भी तनाव कम करने में मदद करती है।

**सकारात्मक सोच रखें:** नकारात्मक विचारों से बचें। अगर आप किसी परीक्षा या साक्षात्कार में असफल हो जाते हैं, तो इसे अंत न समझें। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है। सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

## एक समय सारणी बनाएं

**संतुलन बनाएं:** पढ़ाई के साथ-साथ अपने शौक और सामाजिक जीवन को भी समय दें। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक तनाव कम होता है और आप तरोताजा महसूस करते हैं।

**मदद मांगें:** अगर आपको लगता है कि आप तनाव, चिंता या अवसाद से जूझ रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति से बात करें। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ या काउंसलर से सलाह लेना कोई कमजोरी नहीं है, बल्कि यह आपकी ताकत को दर्शाता है।

**सपनों और स्वास्थ्य का संतुलन :** करियर की राह में सफलता तभी मिलेगी जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हों। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें, लेकिन अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना न भूलें। निम्नलिखित सुझाव दोनों के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करेंगे:

**समय प्रबंधन:** पढ़ाई, विश्राम और मनोरंजन के लिए समय का उचित बंटवारा करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें।

**स्वस्थ जीवनशैली:** अच्छा खान-पान, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम आपके शरीर, दिमाग को ऊर्जा देंगे।

**छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं:** बड़े सपनों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटें। हर छोटी उपलब्धि आपको आत्मविश्वास देगी।

**आभार व्यक्त करें:** अपने जीवन की अच्छी चीजों के लिए आभार प्रकट करें। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जस्टिस पार्टी आंदोलन, मद्रास से कौन संबंधित नहीं है?
(ए) सी. एन. मुदालियार
(बी) टी. एम. नायर
(सी) पी. त्यागराजन चेट्टी
(डी) ज्योतिबा फूले

**2.** द्रविड़ कड़गम / द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के संस्थापक थे
(ए) अन्नादुरै
(बी) सी. एन. मुदालियार
(सी) टी. एम. नायर
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** निम्न में से कौन फरवरी 1918 में स्थापित यू. पी. किसान सभा की स्थापना से संबद्ध नहीं था?
(ए) इंद्र नारायण द्विवेदी
(बी) गौरी शंकर मिश्र
(सी) जवाहरलाल नेहरु
(डी) मदन मोहन मालवीय

**4.** भील सेवा मंडल (1922) की स्थापना किसने की?
(ए) अमृतलाल विट्ठलदास
(बी) महात्मा गाँधी
(सी) सी. एफ. एण्डूज
(डी) विनोबा भावे

**5.** अस्पृश्यता अपराध अधिनियम कब पारित हुआ?
(ए) 1935 ई० में
(बी) 1945 ई० में
(सी) 1955 ई० में
(डी) 1965 ई० में

**6.** 'आधुनिक युग का मनु' किसे कहा जाता है?
(ए) एम. जी. राणाडे
(बी) बी. आर. अंबेडकर
(सी) बी. एन. राव
(डी) महात्मा गाँधी

**7.** महाराष्ट्र में वासुदेव बलवंत फड़के का विद्रोह कब हुआ?
(ए) 1870 ई० में
(बी) 1875 ई० में
(सी) 1879 ई० में
(डी) 1889 ई० में

**8.** विशुद्ध गाँधीवादी तरीके से लड़ा गया पहला आदिवासी अहिंसक विद्रोह था
(ए) टाना भगत आंदोलन
(बी) चंपारण का नील सत्याग्नह
(सी) गुजरात का खेड़ा सत्याग्रह
(डी) इनमें से कोई नहीं

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(सी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप

### वार्ड-14 में वितरित किए तिरंगे

**बहादुरगढ़।** स्वतंत्रता दिवस तक पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर भाजपा नेता जसबीर सैनी ने वार्ड नंबर-14 में कार्यकर्ताओं को तिरंगे झंडे वितरित किए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने घरों पर तिरंगा झंडा जरूर लगाएं। इस मौके पर रोहित प्रधान, बिजेंद्र कुमार, सुभाष सैनी, सुभाष, रामकुमार, बलबीर, सुरेश, जयकिशन, राजबीर, लक्ष्मण, जयभारत, पुनीत व हेमंत आदि मौजूद रहे।

### सोने की छह चेन छीनने के मामले में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** द्वारका में दो सप्ताह से भी कम समय में सोने की छह चेन छिनैती के मामलों में शामिल रहे दो झपटमारों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम संजू (40) और सुमित बधवार (35) बताये गये हैं। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सक्रिय हुई एक टीम ने ककरौला गंदे नाले के पास दोनों को फिर से घटना को अंजाम देने से पहले ही पकड़ लिया। दोनों के पास से दो कट्टे और चार कारतूस बरामद हुये हैं। अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। डीसीपी अके अनुसार इन लोगों की गिरफ्तारी के बाद हाल के कुछ सप्ताहों में द्वारका में सोने की चेन छीनने के पांच मामले सुलझे हैं।

### बीमारियां फैलने का सता रहा डर

# बिरधाना गांव के रिहायशी क्षेत्रों में जलभराव बना परेशानी

■ बच्चों को स्कूल जाने में पानी से गुजर कर जाना पड़ रहा है, वहीं ग्रामीण पशुओं को पानी में बांधने पर मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव बिरधाना स्थित मोड वाला तालाब के नजदीक कॉलोनी में बरसाती पानी भरा होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की दिनचर्या पूर्णतया प्रभावित हो रही है। स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में पानी से गुजर कर जाना पड़ रहा है, वहीं ग्रामीण पशुओं को भी पानी में बांधने पर मजबूर है। ग्रामीण कुलदीप, बलजीत, राजेश, राज, नरेश, प्रेम, संजय सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब पंद्रह दिनों से जलभराव के कारण जीना मुहाल हो रखा है। ग्राम सरपंच और प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि जलभराव के कारण जहां मच्छर पनपने से बीमारियों फैलने का डर सता रहा है, वहीं जहरीली जीव निकलने के कारण भी दिक्कत हो रही है। जहरीले जीव न निकले इसके लिए प्रतिदिन दवाईयों का भी छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को रोजमर्रा के कार्य निपटाने और बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी हो रही है। बारिश के दौरान तो बच्चों की छुट्टी तक करवानी पड़ती है। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से समस्या के जल्द समाधान की गुहार लगाई है।



**झज्जर।** बिरधाना गांव में जलभराव के बीच खड़े ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

# बरसात के बाद पशुओं के लिए मच्छरदानी की बढ़ी डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बरसात के बाद पनपे मक्खी-मच्छरों के कारण पशुओं में बीमारी संक्रमण का भय सताने लगा है। इसी कारण बाजार में पशुओं के लिए रेडिमेड मच्छरदानी की डिमांड भी बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों से लोग अपने पशुओं के बचाव के लिए मच्छरदानी खरीदने के लिए आ रहे हैं। शहर में भी दुकानों पर रंग-बिरंगी मच्छरदानियां विभिन्न साइजों में उपलब्ध है। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम के कारण आजकल मक्खी-मच्छर अधिक हो रहे हैं जिनकी वजह से पशुओं को खासी परेशानी आ रही है। बीमारी व घटते दूध स्तर की चिंता से मुक्त होने के लिए मच्छरदानियों की खरीददारी की जा रही है। दुकानदार सोनू ने बताया कि उनके पास एक छोटे कमरे के आकार से लेकर बड़े-बड़े साइजों में भी मच्छरदानी मौजूद हैं। मच्छरदानी के विभिन्न साइज तैयार करने के लिए उन्होंने स्पेशल दुकान पर ही कारीगर की व्यवस्था की है जिसके चलते लोगों की पसंद व सहूलियत के अनुसार मच्छरदानी के साइज तैयार किए जा रहे हैं। मच्छरदानी के कपड़े की क्वालिटी में अंतर के कारण कई बार लोग अपनी पसंद की जाली खरीद कर साइज तैयार करवा रहे हैं। दुकानदारों की माने तो उनके पास दर्जनों पशुओं के लिए एक ही मच्छरदानी बनवाने के लिए लोग आ रहे है ऐसे में बड़े-बड़े साइजों में ग्राहकों के आर्डर पर मच्छरदानी तैयार की जा रही है। जानकारों का कहना है कि नीम व तुलसी के पत्तों की धूनी भी मच्छर भगाने में कारगर सिद्ध होती है। नीम व तुलसी के पत्तों को कुछ देर के लिए जलाने के बाद बुझा कर यदि एक कोने में रख दिया जाए तो उससे उठने वाला धुआं मच्छरों को दूर भगाने में सहायक रहेगा जिससे पशुओं को भी आराम मिलता है।



**झज्जर।** दुकानदार द्वारा आर्डर पर मंगवाई गई मच्छरदानी गोदाम के बाहर रखी हुई। फोटो :हरिभूमि

#### दूध की क्षमता रहेगी बरकरार

जानकारों का कहना है कि आमतौर पर जल भराव व गंदगी के कारण मच्छर पनपते हैं। किसान यदि अपने पशुओं की सुरक्षा के लिए मच्छरदानियों का उपयोग करते हैं तो पशुओं की दूध देने की क्षमता भी बरकरार रहेगी। जब पशु स्वस्थ होगा तो प्रजनन क्षमता व दूध उत्पादन बढ़ने की संभवना अधिक रहेगी।





**बहादुरगढ़।** गांव खरहर में पौधे लगाती महिलाएं व बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## बच्चों ने गांव खरहर में किया पौधरोपण

**बहादुरगढ़।** गांव खरहर में मेरा युवा भारत अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम मुहिम में गांव की बेटियों ने पौधरोपण किया। स्वयंसेवक नवीन राठी ने बताया कि रक्षाबंधन पर मायके आई बहनें इस मुहिम का हिस्सा बनीं। ललिता राठी ने कहा कि हमें बचपन से ही बच्चों को पौधों और प्रकृति के महत्व से अवगत करवाना चाहिए। पर्यावरण के महत्व को युवा वर्ग बहुत ही गंभीरता से ले रहे हैं। खुद तो पौधरोपण कर ही रहे हैं, अन्य लोगों को भी इसके फायदे बताकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता ललिता राठी, प्रीति, प्रियंका, सरिता, रीना, कविता, रविता के साथ साक्षी, सृष्टि, पुनीत, वंश, प्रतीक आदि ने गांव की ही एक खाली जगह में पौधे रोपित किए। इसके अलावा 2 लड़कियां 5 छोटे पौधे अपने साथ ससुराल लेकर गई। साथ ही पौधों को रक्षासूत्र बांधकर उनकी देखरेख करने की शपथ ली। उन्होंने पौधरोपण को पर्यावरण व मानव जीवन के लिए अनिवार्य बताते हुए कहा कि पौधरोपण हम सब की सामाजिक व नैतिक जिम्मेवारी है। जनसंख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन पेड़-पौधों की संख्या लगातार कम हो रही है। सभी अधिक से अधिक पौधरोपण करें तथा अपने परिजनों व दोस्तों को इसके लिए प्रेरित करें। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी है। लोग बरसात के इस मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल का भी संकल्प लें तो प्रदूषण काबू में किया जा सकता है।

# पाटौदा में शहीदों के सम्मान में निकाली बादली विधान सभा की तिरंगा यात्रा



**झज्जर।** पाटौदा गांव में तिरंगा यात्रा निकालते हुए भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

■ धनखड़ ने कहा कि आज के भारत को दुनिया की कोई भी बड़ी ताकत झुका नहीं सकती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को क्षेत्र के गांव पाटौदा में बादली विधानसभा क्षेत्र की तिरंगा यात्रा भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में निकाली गई। इस दौरान अपने संबोधन में धनखड़ ने कहा कि आज के भारत को दुनिया की कोई भी बड़ी ताकत झुका नहीं सकती। पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत अपने वीर सेनानियों और बलिदानियों के बताए संप्रभुता के रास्ते पर स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के वीर योद्धाओं का पराक्रम आतंकियों और आतंक के आकाओं ने झेला और पूरी दुनिया इसकी साक्षी बनी। इस दौरान युद्ध वीरांगना रजनेश देवी, अमर शहीदों के परिजन, पूर्व सैनिक, जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, संजय कबलाना, आचार्य विजयपाल, विधानसभा संयोजक संदीप हसनपुर, भीष्मपाल कुलाना, तेजपाल लुहारी, सोमवती जाखड़, श्याम सिलाना सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# साइबर धोखाधड़ी के 85 मामलों में शामिल आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने गुरुग्राम के आईटी पार्क में छापेमारी के दौरान 33 वर्षीय व्यक्ति को कथित रूप से फर्जी मानव संसाधन भर्ती कंपनी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शख्स का नाम मुनीर खान उर्फ साहिल शर्मा बताया गया है। इसका संबंध देशभर में दर्ज साइबर अपराध की 85 शिकायतों से पाया गया है।पुलिस के अनुसार 22 मई को दर्ज एक चोरी की शिकायत से मामला जुड़ा है। दरअसल चोरी हुआ आईफोन शिकायतकर्ता के बैंक खाते से जुड़ा हुआ था। 26 मई को डुप्लीकेट सिम कार्ड हासिल करने के बाद शिकायतकर्ता को नौ अनधिकृत यूपीआई लेनदेन के अलर्ट मिले जिनकी कुल राशि 3.98 लाख रुपये थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस के मुताबिक ठगी की राशि में से एक लाख रुपये तेलंगाना के एक खाते में स्थानांतरित किए गए और फिर 'मेराकी मैनपावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' के नाम पर दूसरे खाते में भेज दिए गए। कंपनी के 'केवाईसी' सत्यापन में पता चला कि पंजीकृत पते पर कोई नहीं रहता है। लगातार निगरानी के बाद इसका संचालन गुरुग्राम से होने की पुष्टि हुई जिसके बाद पलवल जिले के असोटी गांव निवासी खान को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि खान 12वीं पास है और इससे पहले उत्तम नगर में बलात्कार के एक मामले में गिरफ्तार हो चुका है। करीब साढ़े चार साल न्यायिक हिरासत में वह रह चुका है।



## जैतपुरः दीवार गिरने के मामले में किरायेदार दबोचा

**नई दिल्ली।** जैतपुर के हरि नगर में शनिवार को दीवार गिरने से सात लोगों की मौत को लेकर केस दर्ज कर लिया है। सात मौतों के जिम्मेदार प्लॉट पर किरायेदार के रूप में रहे शख्स को गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी किरायेदार कुर्शीद (49) पुत्र अब्दुल मजीद निवासी ग्राम राधाकांतपुर, थाना कालीगंज, जिला नादिया, पश्चिम बंगाल ने प्लॉट पर कबाड़ डालने के लिए लोगों को वहां ठहराया था। पुलिस प्लॉट मालिक राजबीर भाटी पुत्र हरिचंद प्रसाद निवासी हरि नगर गांव, जैतपुर की तलाश कर रही है। वह घटना के बाद से ही फरार है। पुलिस के अनुसार रविवार को मरने वाले सभी सात लोगों, जिसमें तीन पुरुष, दो महिलाओं और दो बच्चों के शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। एक घायल का ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। इस संबंध में जैतपुर थाने में धारा 106/125/290 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# 11 मूर्ति के पास थार ने दो को कुचला, एक की मौत

■ कार से शराब की बोतल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चाणक्यपुरी इलाके में रविवार सुबह 11 मूर्ति स्थल के पास फुटपाथ पर चढ़कर एक थार कार ने पैदल चल रहे दो लोगों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल है। घायल को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। डीसीपी देवेश कुमार महला के अनुसार सफेद महिंद्रा 'थार' गाड़ी फुटपाथ की ओर मुड़ गई और उसने दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी। एसयूवी चालक को पकड़ लिया गया है। उत्तर प्रदेश के पंजीकरण नंबर वाली गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। कार से शराब की बोतल बरामद हुई है। जांचकर्ता यह पता लगा रहे हैं कि घटना के समय चालक शराब के नशे में तो नहीं था।

पुलिस के अनुसार गश्ती दल घटनास्थल के पास मौजूद था और उसने सुबह करीब साढ़े छह बजे यह दुर्घटना देखी। पुलिसकर्मियों में से एक ने तुरंत पीसीआर को सूचित करते हुए एंबुलेंस मंगवाने के लिए अनुरोध किया। घायलों को बिना किसी देरी के एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। आरोपी चालक को मौके पर ही पकड़ लिया गया था। उसकी पहचान पूर्वी दिल्ली के शकरपुर निवासी आशीष के रूप में हुई। हादसे के समय वह धौला कुआं से घर लौट रहा था। पूछताछ में पता चला कि आरोपी चालक अपने दोस्त की थार चला रहा था।

### भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से गूंजा बहादुरगढ़

# अनाज मंडी से कसार गांव तक निकाली तिरंगा यात्रा

■ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


भाजपा के विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक के नेतृत्व में रविवार को शहर की अनाज मंडी से लेकर कसार गांव तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं ने बाइक और गाड़ियों पर बड़े-बड़े तिरंगे लगाकर शहरभर में भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारे लगाए। बहादुरगढ़ में रविवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शहर की अनाज मंडी, रेलवे रोड, लाल चौक, मेन बाजार, सब्जी मंडी, झज्जर मोड, शहीद स्मारक, सांखोल गांव, ओमेक्स सिटी होते हुए कसार गांव में सपन्न हुई। इसमें भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में जिला संयोजक जयकिशन छिल्लर भी मौजूद रहे। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि तिरंगा यात्रा आजादी के नायकों को सम्मान देने का प्रतीक है। यह युवाओं में राष्ट्र के प्रति गर्व और कर्तव्य भावना को भी जागृत करती है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराकर आजादी के पर्व में सहभागी बने। तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और स्वतंत्रता का प्रतीक है। इसे फहराना और सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है।



**बहादुरगढ़।** रविवार को तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते दिनेश कौशिक। फोटो :हरिभूमि

## गोलीबारी की घटना में शामिल नीटू दाबोदिया गैंग का शूटर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



■ कंझावाला इलाके में गोलीबारी की घटना में था वांछित

क्राइम ब्रांच ने कंझावला थाना इलाके के एक गोलीबारी के मामले में वांछित नीटू दाबोदिया गिरोह के शूटर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक अत्याधुनिक 7.65 एमएम की इटली निर्मित पिस्टल और एक कारतूस बरामद हुआ। शूटर का नाम देववर्त उर्फ मोहला (33) निवासी माजरा डबास बताया गया है। आरोपी ने इलाके में सनसनी फैलाने के लिए गोलीबारी की थी। पुलिस के अनुसार 30 और 31 जुलाई 2025 की मध्यरात्रि माजरा डबास गांव में एक स्थानीय नागरिक के घर पर गोलीबारी की गई थी। पता चला कि बदमाश के कुख्यात गैंगस्टर नीटू दाबोदिया से पहले भी संबंध थे, जिसे 2013 में स्पेशल सेल ने एक मुठभेड़ में मार गिराया था। इसे द्वारका इलाके से पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पहले हत्या और जबरन वसूली के मामलों में शामिल रहा है। उसके जेल में रहते हुए ही सरगना नीटू का एनकाउंटर हुआ था। जेल से रिहा होने के बाद वह अपने गिरोह को सक्रिय करना चाहता है और इसी उद्देश्य से उसने माजरा डबास गांव में कई गोलियां चलाई थी।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर जताया आभार

**बहादुरगढ़।** समाजसेवी यशपाल हिंदुस्तानी ने सिविल सर्जन डॉ. जयमाला से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवाओं में किए गए सुधार के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने दावा किया कि इन दिनों अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, सफाई व्यवस्था और मरीजों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सिविल सर्जन ने बताया कि बहादुरगढ़ नागरिक अस्पताल में मरीजों को अगले तीन महीने में सीटी-स्कैन की सुविधा भी मिलने लगेगी।

### सत्यवान राठी के निधन पर जताया शोक

**बहादुरगढ़।** जटवाड़ा मोहल्ला 8 बिसवा निवासी समुंद्र राठी के बेटे सत्यवान राठी के निधन पर विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक जताया। सांसद धर्मवीर सिंह, विधायक राजेश जून, पूर्व विधायक राजेंद्र जून, समाजसेवी दलबीर मान, पार्षद बिजेंद्र दलाल, बलराम दलाल, समुंद्र सहवाग, बलवान राठी, संजीव मलिक, जसवंत राठी व सतीश घई आदि ने सतपाल राठी के बड़े भाई सत्यवान राठी के निधन पर शोक जताया।

# निस्तारण की बजाय सड़क किनारे स्वाहा होता कूड़ा

## बाइपास पर सड़क के साथ खाली जमीन पर कचरा फैंक कर लगा दी जाती है आग

- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों की सरेआम हो रही है उल्लंघना
- नप के खजाने से करोड़ों रुपए निकाले जा रहे हैं कूड़ा निस्तारण के नाम पर
- हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी नप को थमाया जा चुका है नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। सेक्टर-9 मोड़ पर सड़क किनारे जलते कचरे से उठता धुआं।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा खुले में कूड़ा जलाने पर रोक है, लेकिन शहर में कचरा जलाकर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। शहर के बाइपास पर ड्रेन व सड़क के किनारे डंप कूड़े के ढेर को आए दिन आग लगा दी जाती है। इससे प्रदूषण भी बेतहाशा बढ़ रहा है। हालांकि नगर प्रशासन को इसकी चिंता नहीं है। यह अलग बात है कि नगर परिषद के खजाने से करोड़ों रुपए इसी कूड़े के उचित निस्तारण के नाम पर निकाले जा रहे हैं।

दरअसल, एनसीआर में प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानि एनजीटी ने खुले में कूड़ा जलाने पर रोक लगा रखी है। इसके बावजूद खुले में कूड़े के ढेर में आग लगाने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। शहर के बाइपास के किनारे तो रोजाना खुलेआम कूड़ा जलाया जाता है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी सॉलिड वेस्ट को लेकर नगर परिषद को नोटिस थमाया जा चुका है। लेकिन नगर प्रशासन द्वारा इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। विभिन्न रिहायशी बस्तियों के खाली प्लॉटों में भी कूड़े के ढेर में आग लगा दी जाती है। जिससे चारों ओर धुआं ही धुआं फैल जाता है और रेजिडेंट्स को सांस लेने में तकलीफ होती है। पूर्व पार्षद वजीर राठी ने बताया कि खुले में कूड़ा जलाना कोई नई बात नहीं है। सेक्टर-9 मोड़ पर हर रोज ड्रेन किनारे खुले में कूड़ा जलाया जाता है। इस समस्या का एक कारण तो जागरुकता का अभाव है। लोग अब भी पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं हैं। इसका दूसरा कारण कूड़ा निष्पादन की व्यवस्था के नाम पर व्याप्त भ्रष्टाचार है। सरकार की ओर से कूड़ा निष्पादन के निर्देशों के अनुसार नगर परिषद ने भी यह काम अलॉट कर रखा है। जिसके एवज में नगर परिषद के खजाने से करोड़ों रुपए का भुगतान हो रहा है। लेकिन बावजूद इसके इस तरह की घटनाओं पर रोक नहीं लग रही।

पर्यावरणविद वजीर सिंह दहिया के अनुसार औद्योगिक कचरे और आवासीय बस्तियों के कूड़े को सड़क के किनारे डंप कर दिया जाता है। प्रतिबंध के बावजूद इस कचरे में आग लगा दी जाती है। धुएं के चलते आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो जाता है, लेकिन इसकी परवाह किसी को नहीं। डॉ. अजय जैन के अनुसार धुएं में कार्बन डाईआक्साइड व कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस होती है। दोनों ही गैसें जहरीली हैं। इन गैसों की अधिकता से सांस से बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है।

# वाहन का इंतजार कर रही महिला की पांव फिसलने से मौत



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी और मृतका कमलेश का फाइल फोटो।



- शहर स्थित एक शॉपिंग मॉल में काम करती थी कमलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रविवार सुबह सड़क किनारे शहर आने के लिए वाहन का इंतजार कर रही एक महिला का पांव फिलसने से आई चोटों के कारण मौत हो गई। मृतका की पहचान क्षेत्र के गांव सिवाना निवासी करीब 47 वर्षीया कमलेश के तौर पर हुई है। कमलेश शहर स्थित एक शॉपिंग मॉल में कार्य करती थी।

वह रोजाना की तरह घर से अपनी ड्यूटी जाने के लिए निकली थी। जब वह बेरी लघु सचिवालय के नजदीक खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका पांव फिसल गया और जमीन पर गिर गई। गिरने के दौरान उसके सिर पर चोटें आई। बाद में उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए बेरी के अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कमलेश तीन बेटियों व एक बेटे की मां थी। तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है जबकि बेटा अभी अविवाहित है। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शहर के नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी प्रवीण ने बताया कि इस संबंध में परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# दूबलधन में शिविर आयोजित 111 युवाओं ने किया रक्तदान



झज्जर। रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए संस्था पदाधिकारी एवं सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

महान स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर अटल सेवा केंद्र दूबलधन, स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी, बाबा टूटा कमेटी, ग्राम पंचायत दूबलधन बिधान, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन एवं सेवा ट्रस्ट यूके-इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में दूबलधन गांव के बिधान पाना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते 111 यूनिट रक्तदान किया। यह रक्त कैंसर रोगियों के जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राष्ट्रीय कैंसर संस्थान एम्स बाढ़सा व स्थानीय नागरिक अस्पताल की रक्तकोष की टीम ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया और बताया कि कैंसर के इलाज, विशेषकर कीमोथेरेपी और सर्जरी के दौरान, मरीजों को बार-बार रक्त व प्लेटलेट्स की आवश्यकता होती है। समय पर रक्त उपलब्ध होना उनके जीवन के लिए अनिवार्य है।

## यज्ञ में आहुति डाल की सर्वमंगल की कामना



**झज्जर।** रविवार को माता गेट क्षेत्र स्थित आर्य समाज मंदिर में साप्ताहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्राचीन वैदिक पद्धति के अनुसार यज्ञ में आहुति डाली और सर्वमंगल की कामना की। इस दौरान यज्ञ ब्रह्मा के रूप में उपस्थित ब्रह्मचारी इंद्रजीत आर्य ने यज्ञ संपन्न कराने के उपरांत आर्यजनों को श्रावणी दिवस के उपलक्ष्य में यज्ञोपवीत भी धारण कराया। इस मौके पर एडवोकेट अजीत सिंह आर्य, जितेंद्र आर्य, रमेश आर्य, राजीव आर्य, ओमप्रकाश आर्य, विजय आर्य, दीपक आर्य, आत्माराम आर्य, सूर्य प्रकाश आर्य, दिलीप आर्य, मनोज आर्य, अंकित आर्य और विनय सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 15 अगस्त

- नामांकन करते समय आठ सौ शब्दों तक का एक प्रशस्ति-पत्र भी अनिवार्य रूप से देना होगा

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री के लिए नामांकन की अंतिम तिथि बढ़कर 15 अगस्त हो गई है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आम नागरिक, संस्थाएं और संगठनों से ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ही पूरी की जा सकती है। नामांकन करते समय आठ सौ शब्दों तक का एक प्रशस्ति-पत्र भी अनिवार्य रूप से देना होगा, जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की विशिष्ट उपलब्धियों और समाज के प्रति योगदान का स्पष्ट विवरण हो।

## मातनहेल में जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- विकास एवं पंचायत मंत्री पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ करेंगे।

क्षेत्र के गांव मातनहेल स्थित केंद्रीय विद्यालय परिसर में सोमवार को 76 वां जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वन मंडल अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार बतौर मुख्यातिथि जबकि बहादुरगढ़ के विधायक राजेश जून विशिष्ठ शिरकत करेंगे। इस दौरान विकास एवं पंचायत मंत्री पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ करेंगे।

# महिलाओं में वितरित की सिलाई मशीनें

- विधायक राजेश जून ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सार्थक सेवा समिति के प्रयास को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। रविवार को सिलाई मशीन प्राप्त करने के बाद अतिथियों के साथ महिलाएं।

सार्थक सेवा समिति द्वारा रविवार को सिलाई मशीन वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश जून और विशिष्ट अतिथि के रूप में चेयरपर्सन सरोज राठी ने ने जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें भेंट की।कार्यक्रम की शुरुआत में समिति अध्यक्ष एनएस कपूर समेत सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने विधायक राजेश जून का स्वागत किया। विधायक राजेश जून ने अपनी तरफ से समिति को 5100 रुपए का सहयोग किया। उन्होंने कहा कि सार्थक सेवा समिति द्वारा जरूरतमंद महिलाओं को दी गई सिलाई मशीनें उनके आत्मनिर्भर बनने में सहायक होंगी। इन मशीनों की मदद से महिलाएं अपने परिवार की आजीविका चलाने में सक्षम होंगी और समाज में सशक्त भूमिका निभा सकेंगी। चेयरपर्सन सरोज राठी ने भी सार्थक समिति के सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाजहित में विभिन्न कार्य कर अन्य लोगों को भी प्रेरित कर रही है। ऐसे प्रयासों से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है बल्कि समाज में सहयोग और भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी नीलम, डॉ. राजरानी बंसल और डॉ. ज्योति मलिक भी

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान से रिश्ते सुधरेंगे, मुकदमेबाजी का बोझ होगा कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



- पैनल अधिवक्ताओं, मध्यस्थों और कानून के विद्यार्थियों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार देशभर में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक जुलाई से इस विशेष अभियान की शुरुआत हो चुकी है। यह 90 दिवसीय अखिल भारतीय अभियान आगामी 30 सितंबर तक चलेगा। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान से रिश्ते सुधरेंगे और मुकद्मेबाजी का बोझ घटेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करना है।

उन्होंने कहा कि मध्यस्थता की प्रक्रिया से ना केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि पक्षकारों के बीच पारस्परिक संबंध भी बेहतर बने रहते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान में जिला न्यायालयों से लेकर उच्च न्यायालय तक सभी न्यायिक स्तरों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि एक ऐसा वातावरण तैयार किया जाए, जहां जनता मध्यस्थता को एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में स्वीकार करें। इससे न्यायिक व्यवस्था पर दबाव भी कम होगा और आमजन को राहत मिलेगी। पैनल अधिवक्ताओं, मध्यस्थों और कानून के विद्यार्थियों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**आयोजन** | यूनिटी इन डायवर्सिटी इंडक्शन प्रोग्राम 2.0 का आयोजन

# संस्कारम् विश्वविद्यालय नवागंतुकों को वितरित करेगा एप्पल मैक-बुक

- सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन रोबोटिक एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी उद्घाटन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज. झज्जर



मंगलवार को संस्कारम् विश्वविद्यालय में सत्र 2025-2026 के अंतर्गत प्रवेश लेने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत और सम्मान में यूनिटी इन डायवर्सिटी इंडक्शन प्रोग्राम 2.0 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन रोबोटिक एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी उद्घाटन किया जाएगा, जो शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीकी ऊंचाइयों को छूने की दिशा में विश्वविद्यालय की एक महत्वपूर्ण पहल है। वहीं संस्कारम विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार भारत में अपने नवागन्तुक विद्यार्थियों को एप्पल मैक-बुक वितरित करेगा। यह वितरण संस्कारम ह्यूमनॉइड रोबोट के माध्यम से किया जाएगा, जो विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी उन्नति के क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में एक अनूठा प्रयास है। संस्कारम विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल नए विद्यार्थियों का स्वागत है, बल्कि उन्हें संस्कार, संस्कृति और आधुनिक तकनीक से जोड़ने का एक उत्कृष्ट अवसर भी है। संस्कारम विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टि, भारतीय मूल्य और नवीनतम तकनीकी ज्ञान का संतुलित संगम प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि संस्कारम विश्वविद्यालय में शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है। यहां विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों और अनुशासन पर विशेष बल देते हैं। हमारा विशेष प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी देश और समाज के विकास में अपनी सार्थक भूमिका निभाए।



झज्जर। अभिभावक और अध्यापक बच्चों के समग्र विकास पर चरचा करते हुए।

## बच्चों के समग्र विकास को लेकर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में रविवार अभिभावक अध्यापक मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 1248 विद्यार्थियों के माता-पिता ने अपने बच्चों के समग्र विकास, शैक्षणिक प्रगति, व्यवहार और संस्कारों पर खुलकर संवाद किया। अभिभावकों ने अपने बच्चों की मासिक रिपोर्ट ली। विद्यालय में उसकी भागीदारी पर और उनके उज्ज्वल भविष्य पर मंथन किया गया।

प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित अभिभावक-अध्यापक मिलन समारोह में सभी अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति और आचरण के प्रति बड़े जिज्ञासु नजर आए। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि आज के बदलते परिवेश में बच्चे का सर्वांगीण विकास और घटते संस्कार चिंतनीय विषय हैं। आप अपना अधिकतर समय अपने बच्चों से बातचीत करने में व्यतीत करें। उनसे खुलकर मन के भाव जाने। उन्होंने विद्यार्थी की नियमितता पर जोर देते हुए कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहना किसी भी विद्यार्थी का पहला सोपान है। उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए बताया कि वह पिछले आठ महीने से एक दिन भी विद्यालय से अनुपस्थित नहीं रहे हैं और कभी तीन मिनट भी देरी से अपने ऑफिस नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि सफलता पाने और उनके समग्र विकास के लिए विद्यालय में नियमित आना अति आवश्यक है। यह तभी संभव है जब आप और हम मिलकर सार्थक प्रयास करेंगे।